## खबर संक्षेप

### योगाभ्यास कराया गया

**मैहर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन सतना जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह एवं लेखपाल महेश द्विवेदी के निर्देशन में मध्य प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में योगा ट्रेनिंग मैहर एवं पतंजलि योग समिति के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल आयुष मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार अनिकेत पाल योगा व फिजिकल ट्रेनर,योगाचार्य पवन जैन के द्वारा खेल मैदान मैहर में योगाभ्यास कराया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्रीवा संचालन,स्कंध संचालन, कटी चालन, ताड़ासन, वृक्षासन अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, वक्रासन, मकरआसान भुजंगासन, सेतु बंधासन उत्तानपादासन, अर्धहलासन,पवन मुक्तासन एवं कपालभाति,अनुलोम विलोम,शीतली,भ्रामरी ध्यान एवं जैन मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज का भावना योग का अभ्यास करवाया गया।

### बॉर्डरों को तत्काल बंद किया जाएः मनोज शर्मा



**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट केअध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया की मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी से सौजन्य भेंट कर परिवहन जगत की मुख्य समस्या लेकर लोकल ट्रांसपोर्ट्रों को सीमेंट फिक्ट्रियों में पहले प्राथमिकता दी जानी चहिए एवं यातायत नगर के भूखण्ड धारियों के उपर निगम प्रशासन द्वारा आरोपित कर (संपत्ति कर) को तत्काल खत्म करने की मांग की गई वा ऑल इण्डिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली वा प्रशासन के मध्य हुई वार्तालाब में वार्डरों को हटाने का आश्वासन दिया गया था जो अभी तक नही किया गया सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंप कर वार्डरों को तत्काल रूप से समाप्त करने मांग की गई।

### शासकीय जमीन पर कर दिया आबंटन, ग्रामीण पहुँचे कलेक्ट्रेट

**मैहर।** जीत नगर ग्राम पंचायत का जहां ग्रामीण सरपंच की मनमानी के विरुद्ध जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेश तिवारी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर विरोध दर्ज कराया। अपर कलेक्टर मैहर शैलेंद्र सिंह को जांच हेतु सौंपा ज्ञापन। बात अगर ग्रामीणों की मानी जाय तो जीत नगर की आराजी नम्बर 8/6/1/1 जो विद्युत उपकेंद्र के बगल से आराजी है जिसमे ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच आशा बाई कोल पति मुन्नीलाल कोल ने धांधली करते हुए बिना ग्राम सभा के अनुमोदन के सचिव की बिना जानकारी के अपात्र लोगो से लेनदेन करके शासकीय भूमि में लोगो को प्लाट आबंटित कर दिए। जबकि हमलोग वर्षो से जीत नगर में रह रहे है और आबंटन के पात्र भी है लेकिन सरपंच और उनके पति द्वारा मनमानी तरीके से लोगो को प्लाट बांट दिए व चूना डलवा दिया। जबकि इनमें से कई लोग ऐसे है जिन्हें पूर्व में भी प्लाट आबंटित किये गए थे और आबंटित प्लाट लोगो के द्वारा औने पौने दाम में लोगो को बेंच दिया और अब दुबारा आबंटन प्राप्त कर लिया। जबकि जो वास्तव में पात्र लोग है जिन्हें जरूरत है उन्हें प्लाट नही मिले। इन तमाम मुद्दों को लेकर ग्रामीण महेश तिवारी की अगुवाई में कलेक्टर मैहर से मिलने गए थे किंतु कलेक्टर महोदया की अनुपस्थिति में ग्रामीण जनो ने अपरक्लेक्टर को अपनी व्यथा बताते हुए किये गए आबंटन की जांच करा निरस्त किये जाने की मांग की है।

# आनंद विहार रीवा ट्रेन के एसी कोच में चोरी



## महिला यात्री का जेवर और नोटों से भरा बैग ले उड़े बदमाश

**सतना।** आनंद बिहार-रीवा ट्रेन क्र.12428 के कोच क्र.ए-4 के बर्थ क्र. 49-50 पर यात्रा कर रही महिला यात्री का जेवरात एवं नगदी रकम से भरा बैग अज्ञात चोर ने पार कर दिया। बैग में करीबन 15-20 लाख के जेवरात एवं नगदी रकम रखी हुई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महिला द्वारा तलाश किये जाने पर बैग कोच के बाथरूम में पड़ा मिला। जिसमें जेवरात ज्यों के त्यों रखे हुये थे।








चोर सिर्फ नगदी रकम लेकर भाग गये थे। महिला द्वारा इस घटना की रिपोर्ट जीआरपी सतना में दर्ज करायी गयी है। उक्त घटना के संबंध में जीआरपी प्रभारी राजेश राज से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दरअसल यह घटना शंकरगढ़, प्रयागराज स्टेशन में घटित हुई है। इस घटना से जीआरपी सतना का कोई संबंध नहीं है। महिला की शिकायत पर जीआरपी द्वारा जांच की जा रही है। लोगों का कहना है कि इतनी अधिक मूल्य के जेवरात पर्स में रखकर लापरवाही पूर्वक चलना अपने आप में घटना पर सवालिया निशान लगाता है। इसके अलावा चोर ने सिर्फ कैश पर हाथ क्यों साफ किया। 1520 लाख रुपये के जेवरात बाथरूम में छोड़ कर भाग जाना भी संदेह के दायरे में है। बहरहाल जीआरपी द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही मानिकपुर, शंकरगढ़ से प्रयागराज तक के जीआरपी कार्यालय से संपर्क कर घटना की जानकारी का आदान-प्रदान किया जा रहा है।

# जंगल में मिली अधेड़ की लाश

**सतना।** बरौंधा थाना अंतर्गत शिवराजपुर के जंगल में एक अधेड़ की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में पायी गयी। मृतक की शिनाख्त कोलहाई निवासी मनोज मवासी पुत्र राजकुमार मवासी शिवराजपुर के रूप में की गयी है। जंगल में अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़े होने की सूचना पुलिस को कुछ चरवाहों द्वारा दी गयी थी। जिसके आधार पर बरौंधा थाना प्रभारी अभिनव सिंह ने पुलिस बल सहित मौके पर पहुंच कर मुआयना किया।पंचनामा बनाने के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवा दिया है। पुलिस



के मुताबिक लाश करीबन 48 से 72 घंटे पुरानी है,बाडी डीकंपोज हो चली थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त व्यक्ति परसों से लापता था। जिसकी गुमशुदगी की सूचना दी गयी थी। पुलिस के मुताबिक फिलहाल मृत्यु के कारणों के बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। जब तक कि विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर मौत के बारे में अपनी स्पष्ट राय नहीं दे देता,हम कुछ नहीं कह सकते। पुलिस मर्ग कायम कर घटना में जांच कार्यवाही कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# फायर सेफ्टी नोटिस स्थगित चेम्बर का प्रयास रंग लाया



सतना। नगरीय प्रशासन के आदेश पर नगर निगम द्वारा शहर के 300 से ज्यादा व्यापारियों को फायर सेफ्टी नोटिस दी गई थी। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि नगर निगम द्वारा सतना के द्वारा जो नोटिस दी गई थी जिसमे 2 लाख 88 हजार जुर्माना भी लगाया गया था जिससे व्यापारी काफी परेशान थे। चेम्बर की कई सहयोगी संस्थाओ एवं व्यापारियों द्वारा चेम्बर से सहयोगी चाहे जाने पर चेम्बर द्वारा त्वरित कदम उठाते हुए चेम्बर सभागार में दो-दो बैठके करके लिए गये निर्णय अनुसार चेम्बर सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग का अनुरोध किया जिसके परिणामस्वरूप बुधवार को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा फायर सेफ्टी नोटिस स्थगित करने का आदेश अधिकारियों को दिया गया है एवं कहा कि नई सिरे से फायर एनओसी लेने का समय दिया जाएगा व आगे चर्चा उपरान्त ही कोई कार्यवाही अधिकारी करें। सतीश सुखेजा व महामंत्री संदीप कुमार जैन,बारात घर एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन अग्रवाल से महापौर योगेश ताम्रकार आगे भी पूरे सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि इससे प्रभावित व्यापारियों के साथ विन्ध्य चेम्बर एक बैठक बुलावे जिसमे सतना महापौर और फायर सेफ्टी अधिकारी उस बैठक में शामिल होंगे और व्यापारियों को हर संभव मदद करेंगे। चेम्बर अतिशीघ्र इसी माह के अंत में एक बड़ी बैठक चेम्बर सभागार में बुलाने जा रहा है। जिसमे सभी अधिकारी,व्यापारी व महापौर सम्मलित होंगे जिसमे लायसेंस का सरलीकरण कराने का प्रयास किया जाएगा। चेम्बर ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# युवक और उसके दोस्तों पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी के लिए वैश्य समाज एवं क्षत्रिय समाज ने सौंपा ज्ञापन



**सतना।** विगत 15 जून की रात कोलगवां थाना अंतर्गत रीवा रोड स्थित कामना मोबाइल भरहुत मोड के सामने सुयश अग्रवाल और उसके दोस्तों के उपर प्राण घातक हमला होने से अग्रवाल और क्षत्रिय समाज में जमकर आक्रोश व्याप्त है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अग्रवाल वैश्य समाज के लोग एवं क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने भी एसपी आशुतोष गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं उचित कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से सुयश अग्रवाल बहुत ही डरा सहमा है इससे उसके परिवार के लोग भी काफी परेशान है आयुष ने अपने और अपने साथियों के साथ हुई घटना की रिपोर्ट जो लिखवाई थी कोलगावां थाने में वो भी नही लिखी गई इससे वो बहुत आहत है। एसपी आशुतोष गुप्ता ने कोलगांवा थाने टी आई सुदीप सोनी को पीड़ित व्यक्ति के फिर से बयान लेकर सीसीटीवी कैमरा दिखवाकर उचित कार्रवाई करने के लिए बोला है बताया गया कि आरोपियों ने नशे की हालत में सुयश और उसके साथियों पर प्राण घातक हमला किया था। जिसमें सुयश अग्रवाल के चेहरे तथा आंख के पास घातक चोटें आई है। एसपी को ज्ञापन देने के बाद कोलगवां थाना पुलिस ने घायल सुयश अग्रवाल और साक्षी लड़की का पुनः बयान लेने के लिए थाने बुलवाया है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से परेशान होकर पांच सूत्री मांगों को लेकर सोनवारी सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** सरलानगर में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है और इस मनमानी से अब स्थानीय लोग परेशान होते हुए नजर आ रहे हैं जिसको लेकर सोनवारी सरपंच कृष्णा उमाकांत उपाध्याय के द्वारा ग्रामीणों के साथ उपस्थित होकर मैहर कलेक्टर को पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा है वही इस ज्ञापन के माध्यम से अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के द्वारा किए जा रहे मनमानी रवैया से लोगों को निजात दिलाने के लिए यह ज्ञापन सौंपा गया है



जिसको लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में सोनवारी ग्राम के सैकड़ो ग्रामीण सरपंच के साथ पहुंचे और वहां पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से संबंधित पांच समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन में पंचायत की जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप लगा है और बिना किसी जानकारी के अवैध पार्किंग बनाई जाने के संबंध पर,अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के द्वारा बनवाए गए टमस नदी पर स्टाफ डैम की साफ सफाई नहीं होने के संबंध पर और इसके साथ-साथ कंपनी के द्वारा हो रहे प्रदूषण से स्थानीय लोक परेशान हो रहे हैं जिसको लेकर कंपनी के द्वारा किसी प्रकार की कोई सुविधा स्थानीय लोगों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है और तो और कंपनी के द्वारा ग्राम पंचायत को गोद लेने के बाद भी स्वास्थ्य शिक्षा जैसी सुविधाएं तक मुवैया नहीं कराई जा रही हैं इन समस्याओं को लेकर सोनवारी सरपंच के द्वारा मैहर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौपा है और जल्द से जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है वहीं अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मैहर एसडीएम को मामले की जांच करने के आदेश जारी कर दिए अब देखना होगा कि आखिर किस तरह से स्थानीय लोगों को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मनमाने रवैया से राहत मिलेगी या फिर यह एक कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह पाएगी।

### लंबित शिकायतों का निराकरण शीघ्र कराया जाएः शैलेंद्र

मैहर। बुधवार को मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई की लंबित शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम विकाश सिंह,एसडीएम अमरपाटन श्रीमती आरती यादव,एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह,जनपद सीओ प्रतिपाल बागरी,सीएमओ मैहर लालजी ताम्रकार,सीएमओ अमरपाटन सुषमा मिश्रा,महिला बाल विकास राजेंद्र बांगरे एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# नकली तेल बनाने की शिकायत पर वाणिज्य विभाग के अफसर ने मारा छापा





**सतना।** नकली खाद्य पदार्थ बनाने के मामले में एक शिकायत मिलने पर वाणिज्य विभाग के अफसर ने छापा मार कार्यवाही की है। बताया जाता है कि पतंजलि फ़ूड लिमिटेड (फॉर्मली एस रूचि सोया) कंपनी के प्रसिद्ध ब्रांड "रूचि स्टार,महाकोश" के नाम और लोगो की कॉपी कर मिलता जुलता फर्जी नाम ऋषि स्टार और महाकाशी का इस्तेमाल करने वाली सतना की आशा एंड आशा कंपनी और उसके संस्थापक के खिलाफ कारवाई की गई है। पतंजलि फ़ूड लिमिटेड (फॉर्मली एस रूचि सोया) कंपनी के नाम से मिलते जुलते कुछ फर्जी नाम रिफाइंड सोयाबीन आयल बनवा रहे हैं और बेच रहे हैं। इस प्रक्रिया में पतंजलि फ़ूड लिमिटेड (फॉर्मली एस रूचि सोया) के (रजिस्टर्ड) ट्रेडमार्क और कॉपीराइट का गलत इस्तेमाल करने पर सतना में आशा ट्रेडर्स रिफाइंड सोयाबीन आयल के निर्माता एवं संस्थापक के खिलाफ क़ानूनी करवाई की गई। इस संबंध मे क़ानूनी फर्म नवकार एसोसिएट्स के वकील श्रीमती नम्रता जैन, विजय सोनी द्वारा सतना (मध्य प्रदेश) पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर के नेतृत्व में,वाणिज्यिक न्यायालय,दिल्ली के आदेश (कोर्ट ऑर्डर) पर सम्बधित फैक्ट्री और गोदाम पर दबिश दी गई। निरीक्षण के दोरान नक़ली ब्रांड ऋषि स्टार और महाकाशी का रिफाइंड सोयाबीन आयल,एवं काफ़ी मात्रा में कच्चा माल,लेबल और पैकेजिंग आइटम जप्त किया गया। उक्त वाणिज्यिक न्यायालय के आदेश (कोर्ट ऑर्डर) के जारी होते से अब ऋषि स्टार और महाकाशी नाम का रिफाइंड आयल को ख़रीदना,स्टॉक में रखना,बेचना,मार्केटिंग व विज्ञापन करना न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होगा एवं उसके ख़िलाफ़ क़ानूनी कारवाई की जावेगी।

# अर्ह विद्या जैन शोध संस्थान में होगा जैन दर्शन पर अनुसंधान

**सतना।** ॐ अर्ह सोशल वेलफेयर फाउंडेशन और मध्य प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालय,एपीएस विश्व विद्यालय,रीवा के बीच एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू का उद्देश्य अर्ह विद्या जैन शोध संस्थान की कार्यान्वित कर शोध कार्यों को उन्नत करना है। शैक्षिक जगत के लिए यह एक महत्वपूर्ण पडाव है। समाधिस्थ दिगंबर जैन आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज,शिक्षा और शोध अनुसन्धान कार्यो पर विशेष बल देते थे। आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से और अर्ह योग प्रणेता मुनि श्री108 प्रणम्य सागर जी महाराज की प्रेरणा से उच्च स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में यह अनूठा विकास हो रहा है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में



जैन दर्शन,योग,सांस्कृतिक भाषाओं जैसे संस्कृत, प्राकृत,अपभ्रंश आदि पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा,सातक,परास्नातक और पीएचडी शोध पाठ्यक्रमों का संचालन होगा। संस्थान की स्थापना से शोधकर्ताओं को जैन दर्शन,योग,प्राचीन भाषाओं जैसे विविध विषयों पर अनुसंधान (पीएचडी) करने का एक नवीन अवसर प्राप्त होगा। इसके माध्यन से न केवल जैन दर्शन के गहन अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा,बल्कि प्राचीन संस्कृति के संरक्षण और उस पर विस्तृत शोध को भी नई दिशा मिलेगी।ओ अहं सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा,हम एपीएस विश्वविद्यालय के साथ इस साझेदारी से अत्यंत उत्साहित हैं।अर्ह विद्या जैन शोध संस्थान हमारे समृद्ध सांस्कृतिक और दार्शनिक धरोहर के अध्ययन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा।

# अवैध शराब परिवहन करते 6 पेटी शराब सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 6 पेटी अवैध शराब जप्त की गई है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना अमरपाटन पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम असरार तरफ से अनूप पटेल देवरी जगदीशपुर का अपने दो साथियों के साथ अलग-अलग मोटर सायकिलों में अवैध रूप से शराब लेकर आ रहे हैं। मुखबिर की सूचना की तस्दीक पर ग्राम बरेंह रामपुर रोड निर्माणधीन नहर के पास पहुंचकर आने वाले वाहनो को चेक किया जा रहा था तभी दो मोटर सायकल असरार तरफ से आती दिखी। एक मोटर सायकल जिसमे चालक व एक व्यक्ति काला बैंग रखकर पीछे बैठा था जिसे घेराबंदी करके पकड़ा गया एवं एक मोटर सायकल जिसे अनूप पटेल चला रहा था वह असरार तरफ भाग गया। पकड़े गये मोटर सायकल चालक ने अपना नाम सत्यम पटेल पिता राजेश पटेल उम्र 18 वर्ष 06 माह निवासी कंचनपुर थाना नादन जिला मैहर एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम आयुष स्वीपर पिता रविन्द्र कुमार स्वीपर उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड नं.05 अमरपाटन थाना अमरपाटन जिला मैहर का होना बताया। काले बैग को खुलवाकर चेक किया गया जिसके अंदर 50 पाव, अंग्रेजी गोवा शराब,100 पाव देशी प्लेन शराब,150 पाव देशी मशाला कुल 300 पाव कुल शराब 54 लीटर कीमत 28500/-रुपये की होना पाई गई। उक्त शराब एवं बिना नंबर की मोटर सायकल व 02 नग मोबाइल फोन जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया एवं अपराध क्रमांक 320/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आज दिनांक 19.06.2024 को आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### खरेहटा गांव में भसुआ रेत से बनाया जा रहा पुल

**ढीमरखेड़ा।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जिर्री का आश्रित ग्राम खरेहटा मुख्यमार्ग से 5 किलोमीटर दूर शाहडार के जंगलों के बीच स्थित है। गांव तक पहुंचने के लिए कच्ची सड़क ही है जहां पर विभाग के द्वारा पुल का निर्माण लाखों रुपए की लागत से किया जा रहा है लेकिन मजे की बात यह है कि लाखों रुपए की लागत से बनने वाले पुल पर भसुआ रेत लगाई जा रही है जिससे पुल की गुणवत्ता दरकिनार है। ठेकेदार के उक्त कृत्यों को संरक्षण मिला हुआ है। लिहाजा ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर पुल का निर्माण करवा रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर अवि प्रसाद से आदिवासी ग्राम के विकास और पुल निर्माण की जांच करवाने की मांग की हैं। शिकायत में बताया गया कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करवाया जा रहा है। पुल की ऊंचाई भी कम कर दी गई है जिससे बारिश के दिनों में पहली ही बारिश में पुल बहने की कगार में है। कुछ समय पूर्व समाचार प्रकाशन के बाद कार्यपालन यंत्री जी.एस.खटीक के द्वारा एसडीओ को निर्माण कार्य में सुधार और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये थे, बावजूद इसके पुल निर्माण में ठेकेदार के द्वारा भसुआ रेत व घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है।

### बाइक सवार दंपत्ति से दो किलो गांजा किया जब्त

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा पुलिस ने बाइक सवार दंपत्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ढीमरखेडा के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ गांजा के व्यापार में लिप्त ग्राम गुंडा निवासी पति पत्नी के पास से 2 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा व घटना में प्रयुक्त मोटर सायाकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार गत दिवस ग्राम मारसिहूडी रोड तिराहा के पास मोटर साईकिल से दो व्यक्ति आवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जा रहे है। इस बात की सूचना मिलने पर कमल प्रसाद लोनी पिता शिवप्रसाद लोनी 32 साल एंव श्रीमाति रिंकू बाई पति कमल प्रसाद 30 साल दोनो निवासी ग्राम गूंडा के कब्जे से 2 किलो मादक पदार्थ गांजा जप्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. मोहम्मद शाहिद, सउनि जयचंद उईके, आर. जागेश्वर कुंजाम, आर. पंकज सिंह आर रंजीत सिंह, महिला आर. दुर्गा शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

### लापता बालिकाओं को जबलपुर व भोपाल से किया दस्तयाब

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने लापता दो बालिकाओं को भोपाल और जबलपुर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, एडि एसपी डॉ संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमती ख्याती मिश्रा के मार्गदर्शन में अपहत बालक/बालिकाओं की तलाश करने अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, दिनांक 17.06.2024 को जबलपुर से एक अपहत युवती को दस्तयाब कर कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उनके परिवार को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। उक्त घटना दिनांक 16.03.2024 की है, जब उक्त बालिका बिना बताए घर से बाहर चली गई थी। तत्कालीन समय में काफी तलाश की गई थी, किन्तु सफलता नहीं मिली। लगातार प्रयासों के बाद जबलपुर शहर से बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। इसी प्रकार, एक अन्य प्रकरण में, दिनांक 15.06.2024 को एक और अपहत युवती बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। अथक प्रयासों के उपरांत, दिनांक 16.06.2024 को जिला भोपाल से उसे दस्तयाब कर लिया गया और कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उनके परिजन को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उनि प्रतीक्षा सिंह, सउनि राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश बैरागी, भुवनेश्वर बागरी और आरक्षक लोकेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

## भीषण जल संकट में जेके सीमेंट की सेकंड यूनिट का निर्माण जोरों पर

# जे.के. सीमेन्ट पन्ना के लिए वरदान तो न बन सकी बल्कि अभिशाप जरूर बन गई

### केन नदी से भारी मात्रा में खींचा जा रहा पानी, टूट रही जलधारा, क्षेत्र वासियों, पशु-पक्षियों और पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों पर जलसंकट की आहट





**पन्ना।** जिले के अमानगंज एवं सिमरिया तहसील अंतर्गत जेके सीमेंट कंपनी की सेकंड यूनिट का निर्माण जोरों पर चल रहा है, जिसके लिए प्रतिदिन केन नदी का अनलिमिटेड पानी खींचा जा रहा है। जबकि भीषण जनसंख्या की वजह से पन्ना जिला जल अभावग्रस्त घोषित है, बोर उत्खनन, भवन निर्माण, वाहनों की धुलाई, सार्वजनिक जल स्त्रोतों से सिंचाई एवं अत्यधिक जल उपयोग वाले अधिकांश कार्य प्रतिबंधित हैं, ऐसे भीषण जलसंकट में जेके सीमेंट प्रबंधन के द्वारा खुलेआम केन नदी का पानी बेतहाशा खींचा जा रहा है जिससे नदी की जलधारा समय से पहले टूट रही है, क्षेत्र के जल श्रोत कुआं, बावड़ी, तालाब, बोर, हेण्डपंप भी जवाब देने लगे हैं। ऐसे में इंसानों के साथ-साथ पशु पक्षियों और पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों पर भी जल संकट की आशंका जताई जा रही है।

### जेके सीमेंट पर मेहरबान प्रशासन प्रशासन

जेके सीमेंट की मनमानी व तानाशाही दिन पर दिन बढ़ रही है। शासकीय भूमि, पंचायत की भूमि या किसानों की भूमि में कहीं और कभी भी उत्खनन शुरू कर दिया जाता है, कंपनी के भारी भरकम वाहन सड़कों के दोनों तरफ खड़े रहते हैं जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। रात्रि में छोड़ी जाने वाली फैक्टरी की डस्ट से क्षेत्रवासी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

### सेकंड यूनिट निर्माण के बाद बढ़ेगी मुसीबत

बता दें कि जेके सीमेंट कंपनी की अभी हाल एक यूनिट चल रही है, जिससे प्रतिदिन लगभग 1000 वाहन आवागमन करते हैं, जिसमें सीमेंट परिवहन करने वाले ट्रक, क्लिंकर परिवहन करने वाले ट्राला, राखड़ परिवहन करने वाले बल्कर एवं अन्य वाहन शामिल हैं। जो सिंगल रोड होने के कारण हादसों में बढ़ोतरी का कारण बने हुए हैं। सेकंड यूनिट चालू होने के बाद वाहनों की संख्या दोगुनी हो जाएगी जिससे हादसों में भी बढ़ोतरी होगी, बताया गया है कि जेके सीमेंट कंपनी के द्वारा तीन यूनिट संचालित किया जाना है अभी सिंगल युनिट चल रही है और दूसरे का निर्माण चल रहा है, दूसरी युनिट का निर्माण पूर्ण होने के बाद तीसरी युनिट का निर्माण प्रारंभ होगा और जब तीसरी युनिट शुरू होगी तो यहां वाहनों की संख्या के साथ क्षेत्र वासियों की मुसीबत भी कई गुना बढ़ जाएगी।

### समस्याओं को अनदेखा कर रहा जेके सीमेंट प्रबंधन

जिस प्रकार जेके सीमेंट प्रबंधन फैक्ट्री एवं उत्पादन में वृद्धि कर रहा है उस हिसाब से सड़कों, ट्रैफिक एवं अन्य व्यवस्थाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही जिससे जागरूक नागरिक चिंतित है।



## पन्ना पुलिस द्वारा 3 प्रकरणों में वांछित 15 हजार रूपये के ईनामी स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार

**पन्ना-** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बृजपुर के प्रकरण क्रमांक 800733/16, 800732/16 एवं 800735/16 धारा 457, 380, 411 भादवि में फरार आरोपी मनीष सोनी पिता अशोक सोनी के विरूद्ध माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी पन्ना के द्वारा स्थायी वारंटी जारी किया गया था। उक्त स्थाई वारण्टी की तलाश पतारसी हेतु थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह चौहान द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के स्थाई वारण्टी को दिनांक 18/06/24 को श्रीनगर जिला महोबा उ.प्र. से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह चौहान, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. राजेश कुमार, अभिषेक राठौर, आर.तेजू, सुधीर, महिला आर. संतोषी सोनी, पुनीता शर्मा का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को 15 हजार रूपये के ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।




## 23 जून से 25 जून तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान

**पन्ना।** जिले के देवेन्द्रनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कि दिनांक 23 जून से 25 जून तक पल्स पोलियो प्रोगाम चलाया जाना है इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में बूथ की स्थापना की जाएगी जिसमें जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ताकि बच्चे पोलियो मुक्त रह सके इसके लिए सरकारी डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा समस्त ग्राम वासियों नगर वासियों से यह अपील की गई है कि सभी लोग उक्त दिनांक में जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को बूथ में ले जाकर के पोलियो के दो बूंद जरूर पिलाएं ताकि हमारा देश पोलियो मुक्त देश बन सके और हमारे बच्चे इस बीमारी से मुक्त रह सके।

# डीजल चोरी के शक में कर्मचारी को बेहरमी से पीटा

### जे.के. सीमेन्ट कम्पनी के कोनी माईंस की घटना कर्मचारी के साथ कम्पनी के ही दबंगों ने की मारपीट शिकायतकर्ता द्वारा मारपीट की रिपोर्ट सिमरिया थाना में नहीं लिखी गई। तब जाकर पीडित द्वारा आजाक्स थाना पन्ना में अपनी आपबीती सुनाई और एफआईआर दर्ज कराई।

**पन्ना**




सोशल मीडिया में चल रहे मारपीट का वीडियो में जे.के. सीमेन्ट पुरैना की कोनी माईंस की घटना पर फरियादी बृजेश कुमार पिता लखपत प्रजापति उम्र 28 साल निवासी ग्राम व पोस्ट कुचवाही थाना सीधी जिला सीधी का द्वारा 19 जून 2024 को थाना ए.जे.के. पन्ना में रिपोर्ट की गई कि मैं ग्राम व पोस्ट कुचवाही जिला सीधी का रहने वाला हूँ। वर्तमान में पुरैना थाना सिमरिया में एस.बी.एल. कंपनी का डोजर चलाता हूँ। दिनांक 17 जून 2024 को दोपहर करीब 1 बजे मुझे प्यास लगी तो मैं 5 लीटर की पिकिया में पानी भरकर ला रहा था। तभी एस.बी.एल. कंपनी में बाउन्सर अंकित सिंह, अभिषेक सिंह, हीरा पटेल, आनन्द मिश्रा एवं लवकुश तिवारी द्वारा पिकिया में एस.बी.एल. कंपनी की गाडियों से डीजल चोरी करके भरने के संदेह में मेरे साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट की गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ए.जे.के. में उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध मारपीट एवं एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत अप.क्र. 3/24 का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है। मामले में पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पीडित कर्मचारी ने मीडिया को बताया कि मारपीट के बाद मैं सिमरिया थाना रिपोर्ट लिखाने गया था जहां मेरी रिपोर्ट थाने में नहीं लिखी गई जब मैं पन्ना के आजाक्स थाना में रिपोर्ट लिखाने आया हूं। गौरतलब है कि जे.के. सीमेन्ट की ऐसी कई घटनायें है जो जे.के. सीमेन्ट को सुर्खियों में बनाये रखा है। अमानगंज सिमरिया रोड़ चीख-चीखकर जे.के. सीमेन्ट की दास्ता को बयां कर रही है। सड़कें ग्रामीणों के रक्त से रक्त रंजित हो गई है। जे.के. सीमेन्ट के डम्फर ट्राला आये दिन अनेको लोगों को मौत के घाट उतार चुके है। फिर भी अज्ञात वाहन की रिपोर्ट के साथ जे.के. सीमेन्ट के वाहनों पर कोई कार्यवाही आज तक नहीं हो सकी।

## स्टेट हाईवे पन्ना-अमानगंज रोड में हुआ दर्दनाक हादसा

### अज्ञात वाहन से क्रॉसिंग के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली




# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो की मौत आधा दर्जन से अधिक घायल

**पन्ना**

बीती रात पन्ना अमानगंज रोड स्टेट हाईवे में अज्ञात वाहन से क्रॉसिंग के दौरान अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो युवकों की दर्दनाक मौत और लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। हादसे के बाद डायल हंड्रेड और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने धर्मा सोनकर उम्र 36 वर्ष एवं अंकित खटीक उम्र लगभग 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बिलहरी को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल प्रतीक्षा सोनकर, मूलचंद सोनकर, इशा सोनकर, मिथलेश सोनकर, रणवीर सोनकर एवं अन्य को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। बताया गया है कि ट्रैक्टर ट्रॉली में ईंटें भरी थी उसके ऊपर मजदूर बैठे थे ट्रैक्टर ट्राली पलटने से सभी मजदूर घायल हो गए हैं और चालक एवं बगल में बैठे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है।





## आशा सुपरवाइजर रुक्मणी प्रजापति ने रक्तदान कर बचाई गर्भवती महिला की जान



**पन्ना।** जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती हाई रिस्क डिलीवरी महिला गीता प्रजापति को रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी, महिला के पेट में जुड़वा बच्चे पल रहे थे, महिला के शरीर में काफी कम खून बचा था, लेकिन ब्लड ग्रुप मैच नहीं होने से परिवार परेशान था, महिला के पति कुछ समय पूर्व छत से गिरने की वजह से उनके रीड़ की हड्डी और पसलियां टूट गई थी, जिससे उनका भी इलाज चल रहा था और वह भी रक्त देने की स्थिति में नहीं थे, संकट की इस घड़ी में जैसे ही आशा सुपरवाइजर रुक्मणी प्रजापति को जानकारी मिली वह तत्काल सारे काम छोड़कर जिला अस्पताल पन्ना पहुंच गई और रक्तदान कर एक साथ तीन जिंदगियां बचाई। आशा सुपरवाइजर रुक्मणी प्रजापति के इस नेक एवं परोपकार के कार्य की स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर के गणमान्य नागरिकों और पत्रकारगणों के द्वारा भी प्रशंसा की जा रही है। रुक्मणी ने बताया कि इससे पहले वह दो बार और रक्तदान कर चुकी हैं और सभी को जरूरतमंदों को रक्तदान करना चाहिए ताकि खून की कमी से किसी की जिंदगी खतरे में ना पड़े, उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती, बल्कि कई बीमारियों से बचाव होता है।

## डॉ. अम्बेडकर चिकित्सा सहायता योजना के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में स्थापित स्वायत्त संगठन डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन द्वारा डॉ. अम्बेडकर चिकित्सा सहायता योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत वार्षिक आय तीन लाख रूपए से कम होने पर अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। इसमें गंभीर बीमारियां जैसे लीवर की बीमारी, कैंसर, मस्तिष्क संबंधी बीमारी, अंग प्रत्यारोपण, रीढ़ की हड्डी संबंधी और अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ति व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जाता है। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने समस्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास व आश्रम के अधीक्षक-अधीक्षिका से अपने क्षेत्र अंतर्गत अथवा परिचित संबंधित वर्ग के व्यक्तियों की जानकारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में भेजने के लिए निर्देशित किया है, जिससे समय पर बीमारी से पीड़ति व्यक्ति को चिकित्सा सहायता प्रदान करने की कार्यवाही की जा सके।

## शा. कन्या उ. मा. विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव




**देवेन्द्रनगर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनाँक 18 जून 2024 को शा. कन्या उ. मा. विद्यालय, देवेंद्रनगर में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। शाला की छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं के भविष्य को लेकर अपने विचार व्यक्त किए गए। विद्यालय परिवार की ओर से समस्त छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। शिक्षिका कु. संगीता कुजूर, श्रीमती गणेश कुमारी, श्रीमती वंदना मिश्रा ने कार्यक्रम के विषय में सभी उपस्थित छात्राओं एवं अतिथियों को अवगत कराया। शिक्षक मनुराज बाजपेयी, जी.पी. प्रजापति एवं आत्माराम शर्मा द्वारा छात्राओं को उनके सर्वांगीण विकास हेतु मार्गदर्शन किया गया। अभिभावक के.के. तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री विपिन अग्रवाल के द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती बबीता रावत द्वारा समस्त छात्राओं को तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव की जानकारी देते हुए विशेष भोजन हेतु आमंत्रित किया गया। श्रीमती रावत द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में विजय खरे, फ़हीम ख़ान, उमा मिश्रा, प्रतिभा तिवारी, अंतिमा मिश्रा, मीरा शर्मा एवं विधालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवक कांग्रेस ने मरीजों को फल बांटकर व रक्तदान कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन





**पन्ना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन आज जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के सभी वार्डो में भर्ती मरीजों को फल बांटकर व रक्तदान कर मनाया गया। दोपहर 12 युवक कांग्रेस के पदाधिकारी व कांग्रेस नेता जिला चिकित्सालय में एकत्रित हुए और वहां से सीधे वार्डो में पहुंचकर मरीज को फल वितरित किए साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। फल वितरण के बाद जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया व उनके साथ पहुंचे युवक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपना ब्लड ग्रुप चेक कराते हुए जरूरतमंदों को दिए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मनीष मिश्रा, सुनील अवस्थी, बी एन जोशी, शिवप्रकाश दीक्षित, शशीकांत दिक्षित, अनीश खान, कदीर खान, रेहान मोहम्मद, श्रीमती सुप्रिया बुंदेला, अंकित शर्मा, सौरभ पटेरिया, रमन दीक्षित, अक्षय तिवारी, अमित सेन, रियासत खान, अमित शर्मा, पवन मिश्रा, रत्नेश जड़यि, अंकित जड़यि, अजय तिवारी, मंत्री खान, अंका रिछारिया, विक्रम सिंह, आकाश शोभा, अमन पांडे, गोलू परमार, राहुल जड़यि, राजा परमार, शैलेश केशरवानी, सुंदरम रैकवार, नसीम खान, विजय सेन आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### हिन्दू जोड़ो संगठन का 58वां भण्डारा हुआ मोटे के महावीर मंदिर में

**छतरपुर।** हिन्दू जोड़ो संगठन जिले के विभिन्न स्थानों में 101 भण्डारा किए जाने का लक्ष्य लिए है। संगठन की ओर से 58वां भण्डारा मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में रखा गया। इस संगठन द्वारा सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में भक्तों को भण्डारा कराया जा चुका है। 101 भण्डारा करने का लक्ष्य लेकर चल रहे संगठन ने आधे से अधिक भण्डारे कराए हैं। बीती शाम मोटे के महावीर मंदिर में भण्डारा रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। धर्मप्रेमियों का कहना था कि यह एक अच्छा संकल्प है। सनातन धर्म में भण्डारा प्रसाद का विशेष महत्व होता है। इसी बिन्दु को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया जा रहा है जो कि सराहनीय है।

### मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ. शर्मा का व्याख्यान 24 को सीहोर में

**छतरपुर।** पिछले दो दशक से अधिक समय से मानसिक विक्षिप्तों की सेवा करने वाले डॉ. संजय कुमार शर्मा आगामी 24 जून को सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में व्याख्यान देंगे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के इस संस्थान में विभिन्न समाजों एवं सीहोर जिले के सरपंचों को व्याख्यान के माध्यम से डॉ. शर्मा मानसिक विक्षिप्तों की कैसे सेवा कर सकते हैं और उनको समाज की मुख्यधारा में जोडने में क्या जिम्मेदारी निभा सकते हैं यह बताएंगे। सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में एक दिवसीय व्याख्यान देकर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए अपने प्रयासों को भी साझा करेंगे।

### करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना अंतर्गत नारायणपुरा रोड पर रहने वाले एक युवक की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार वर्मा ने बताया कि उसका बड़ा भाई महेन्द्र वर्मा उम्र 34 वर्ष पिता जानकी वर्मा निवासी नारायणपुरा घर में मोटर पंप चला रहा था तभी पंप में अचानक करेंट आ गया। करेंट की चपेट में आने से महेन्द्र की मौत हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। वहीं मृतक का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### दुबई की योग टीम बागेश्वर धाम में सिखाएगी योग

**छतरपुर।** सिद्ध संतों की तपोस्थली बागेश्वर धाम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को एक दिवसीय विशाल योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में योग की शिक्षा देने दुबई से योग शिक्षक आ रहे हैं। स्वस्थ्य रहने के लिए योग जीवन का अनिवार्य अंग माना जाता है इसलिए दुबई के विशेषज्ञ लोगों को स्वस्थ्य जीवन शैली का गुर सिखाएंगे। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने अपने संदेश के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि दुबई स्थित बागेश्वर धाम शिष्य मण्डल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक दिवसीय योग शिविर ग्राम गढ़ा बागेश्वर धाम में आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि मेटा योग सेंटर दुबई के विशेषज्ञ योग दिवस पर योग व्यायाम से जुड़े विभिन्न बिंदुओं से लोगों का परिचय कराएंगे। बागेश्वर धाम में मंदिर के समीप बन रही नवीन अन्नपूर्णा के इसी प्रांगण में योग दिवस का कार्यक्रम रखा गया है। मेटा योग सेंटर की डायरेक्टर योगिनी रेखा अग्रवाल के तत्वावधान में यह पूरा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। अवंती बाई ग्रुप के डायरेक्टर अशोक दीक्षित की ओर से विद्यार्थियों को योग शिविर में विशेष रूप से शामिल कराया जा रहा है।

#### एसपी ने संचालित यात्री वाहनों को किया क्रमबद्ध

# मार्गों के अनुसार सीरियल नंबर किये वितरित

**जिले में यातायात व्यवस्था की सक्रियता एवं दुर्घटना से बचाव हेतु यातायात पुलिस द्वारा निरंतर यातायात अभियान चलाया जा रहा है साथ ही यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।**

छतरपुर।



जिले में यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु पृथक-पृथक क्षेत्र में चलने वाले यात्री वाहन जैसे ऑटो, ई रिक्शा संबंधित वाहनों पर सीरियल नंबर निर्धारित किए गए हैं। आज पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा कार्यालय के नजदीक स्थान पर एकत्रित किये गए नगर के समस्त मार्गो के 100 से अधिक ऑटो पर मार्गो के अनुसार निर्धारित सीरियल नंबर वाहनों पर अंकित किए गए। सीरियल नंबर के अनुसार वाहन संबंधी संपूर्ण जानकारी जैसे रजिस्ट्रेशन नंबर, वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, चालक का मोबाइल नंबर, दस्तावेजों की वैधता तिथि इत्यादि का संधारण यातायात थाने में किया जा रहा है। रात्रि के समय या अन्य समय में यात्री का सामान किसी कारणवश वाहन में छूट जाता है या अन्य कोई अनहोनी होती है, जल्दबाजी में वाहन का रजि. नंबर यात्री नोट नहीं कर पता है, सीरियल नंबर से वाहन संबंधी जानकारी पुलिस से आसानी से उपलब्ध हो जाएगी एवं गुम या खोया हुआ सामान यात्री के सुपुर्द या अन्य समस्याओं का निराकरण आसानी से किया सकता है साथ ही शिकायत या सूचना मिलने पर संचालित सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निर्धारित सीरियल नंबर के अनुसार वाहन स्वामी एवं वाहन चालक तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसी क्रम में जिले के समस्त मार्गो में चलने वाले यात्री वाहन ऑटो एवं ई रिक्शा वाहन पर भी यह कार्यवाही की जा रही है।

इस अभियान का यह उद्देश्य है कि अनावश्यक एक क्षेत्र के चलने वाले वाहन दूसरे क्षेत्र में जाकर जाम या विवाद की स्थिति निर्मित करते हैं, उन पर भी नियंत्रण एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। वाहन चालकों द्वारा यात्री के प्रति दुव्यवहार, नकारात्मक भाषा शैली, नशे में वाहन चलाने के प्रति भी ऑटो संगठन से समन्वय बनाते हुए जानकारी एकत्र कर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जिले के सभी मार्गों में कार्यवाही की जा रही है।

## भक्तों का चरित्र सुनने ठाकुर जी बनते हैं रसिक श्रोता: किशोरदास महाराज



### संस्कार वाटिका में चल रही श्रीमद् भक्तमाल कथा

छतरपुर।

शहर के संस्कार वाटिका प्रांगण में श्रीमद् भक्तमाल कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा क्रम में मंगलवार को कथाव्यास श्रीधाम वृंदावन के गोरीलाल कुंज से पधारे महंत पूज्य किशोरदास महाराज ने कहा कि ठाकुर जी अपने भक्तों की कथा सुनने के लिए रसिक श्रोता बन जाते हैं। भक्तमाल की कथा सुनाते हुए कथाव्यास जी ने प्रियादास जी महाराज का प्रसंग सुनाया। रसमयी वाणी से कथा रसपान करा रहे महाराजश्री ने कहा कि प्रियादास जी भक्तमाल की कथा जयपुर में सुना रहे थे उसी समय चार चोर भी कथा सुनने पहुंच गए। चोरों का मन ठाकुर जी के विग्रह में पहनाए गए हीरे, जवहारात के हारों पर था। मौका पाकर चोरों ने ठाकुर जी को चुरा लिया। इधर प्रियादास महाराज ने ठाकुर जी के चोरी होने के विरह में अन्न, जल त्याग दिया तभी ठाकुर जी ने चारों चोरों को स्वप्न में कहा कि यदि तुम लोग तुरंत मुझे प्रियादास महाराज तक नहीं ले गए तो तुम चारों का सत्यानाश हो जाएगा। स्वप्न का विचार चारों चोरों ने आपस में बताया। ठाकुर जी की ऐसी कृपा हुई कि चारों चोर नाचते, गाते अपनी संपत्ति सहित प्रियादास महाराज के पास पहुंचे और उन्हें ठाकुर जी सौंपते हुए पूरी संपत्ति समर्पित कर दी।

### एकादशी में कथाप्रेमियों को मिला ठण्डा शरबत

पूज्य किशोरदास महाराज के शिष्य मण्डल के सदस्य राजू मिश्रा की ओर से कथाप्रेमियों को ठण्डा शरबत पिलाया गया। कहा जाता है कि एकादशी के पावन अवसर पर ठण्डा शरबत पिलाने का बड़ा पुण्य फल प्राप्त होता है। भले ही कल मौसम मेहरबान रहा लेकिन भीमसेन एकादशी के पावन अवसर पर ठण्डा शरबत पिलाकर शिष्य मण्डल ने पुण्य लाभ कमाया।

## भागवत कथा के चौथे दिन हुआ भगवान का अवतार

### धूमधाम से मनाया गया नंदोत्सव, गाई बधाईयां, नाचे झूमे नर नारी

नौगांव।



नौगांव शहर से लगे ग्राम बिलहरी में निरंतर चल रही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन भगवान के जन्म की लीलाओं का वर्णन किया गया। जिसमें कथा व्यास आचार्य पंडित श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने चौबीस अवतारों की कथा सभी को विस्तार से श्रवण कराई जिसमें मत्स्य, परशुराम, बाराह, नृसिंह, बामन भगवान के साथ साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म की कथा सुनाई तत्पश्चात चंद्र वंश का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसमें अनेक भक्तगण बधाई गायन में झूम कर नाचे।

बिलहरी के धनुषधारी मंदिर परिसर में साहू परिवार द्वारा संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे वृंदावन धाम से आए पंडित रमाकांत पटेरिया जी के शिष्य आचार्य पंडित श्री राजेंद्र दास जी महाराज के मुखारविंद से सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को कथा श्रवण कराई जा रही है। भागवत कथा के चौथे दिन भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए भक्तों को कथा रस पान कतरे हुये श्रीमद् भागवत के पुनीत प्रसंगों में प्रकाश डाला कि जीवन में जो भक्ति का आश्रय लेता है। उनके घर में कपिल भगवान जैसे पुत्र प्रकट होते हैं जो यथार्थ का ज्ञान कराते हैं संसार के काल चक्र से बचने के लिये निरंतर सत्संग करना चाहिये। कथा व्यास ने बताया लोग सबसे से ज्यादा शक्तिशाली है लोभ के दो स्वरूप है पहला हिरण्याक्ष जो पूरी पृथ्वी को अपना मानता है और दूसरा हिरण्य कश्यप जो अजर अमर बनने की कामना करता है एवं अपनी शक्ति का प्रदर्शन करता है इस लोभ के समापन के लिए भगवान को दुबारा धरती पर अवतार लेना पड़ा।

इसके बाद ध्रुव चरित्र एवं प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुऐ हिरण्यकश्यप का वध किया इसके बाद वामन भगवान का अवतार हुआ, जिसमें कथा के दौरान बावन भगवान की दिव्य झांकी का दर्शन भी श्रोताओं ने किया, इसके बाद भागवत कथा के चलते सूर्यवंश का वर्णन करते हुए श्री राम जन्म की कथा के दौरान चारों भाई राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म हुआ एवं राम जन्म की बधाईयां गाई गई। भागवत कथा के चलते चंद्रवंश का वर्णन करते हुए कथा व्यास राजेंद्र दास जी महाराज ने कृष्ण जन्म की कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कथा श्रवण कर रहे नर-नारी भागवत दरबार में झूमते नजर आए सभी को बधाई लुटाई गई, भागवत कथा में वृन्दावन से आये कलाकारों के द्वारा बधाई गायन किया गया जिसमें नर नारी, युवक युवती झूम कर नाचे । कथा के बाद बाल कृष्ण भगवान की आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आज की कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन एवं गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन किया जाएगा और 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा।

## बेहतर निशाना साधने वालों को एसपी ने किया सम्मानित





छतरपुर।

निशानेबाजी में हाथ आजमाने वाले युवाओं को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने न केवल बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं बल्कि प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया। खिलाडिय़ों ने भरोसा दिया कि आने वाली प्रतियोगिताओं में वे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

जिला राईफल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं शूटिंग के ट्रेनर आदिल सिद्दीकी ने बताया कि हाल में ही में जबलपुर में स्टेट लेबिल शूटिंग कम्पटीशन का आयोजन हुआ। जिले से करीब डेढ़ दर्जन निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। अपनी क्षमतानुसार उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया। शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होकर वापस आयी अनामिका बुन्देला ने बताया कि जिला स्तर पर उसने पहला स्थान हासिल किया था जिसके एवज में उसे पुलिस अधीक्षक द्वारा गोल्ड मेडल दिया गया। जबलपुर की प्रतियोगिता में उसने चौथा स्थान हासिल किया। अनामिका को विश्वास है कि हाल ही में होने वाली शूटिंग प्रतियोगिता में वह गोल्ड मेडल जीतकर लाएगी। पुलिस अधीक्षक के हौसला बढ़ाने से सभी खिलाड़ी बेहद उत्साहित दिखाई दिए।

## पन्ना जिले की अमानगंज घाटी में हुआ सड़क हादसा

### ईंट से भरी ट्रैक्टर- ट्राली बेकाबू पलटने से नौगांव क्षेत्र के दो की मौके पर दर्दनाक मौत

**नौगांव।** पन्ना जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पन्ना - अमानगंज घाटी में बुधवार सुबह ईट से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली बेकाबू होकर पलट गई। दुर्घटना में नौगांव से लगे बिलहरी गांव के रहने वाले पेशे से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पन्ना के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 5 बजे अमानगंज से छतरपुर की ओर जा रहा ईट से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पन्ना-अमानगंज की मझपहरा घाटी में बेकाबू होकर पलट गया। ट्रैक्टर में चालक सहित 8 लोग सवार थे। जिसमें से धर्मा सोनकर (36) और अंकित खटीक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रतीक्षा सोनकर, मूलचंद सोनकर, ईशा सोनकर, मिथलेश और रणवीर गंभीर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पन्ना जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं मृतकों के शवों को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर की स्टेयरिंग और ब्रेक फैल होने के कारण यह हादसा हुआ है, जिसमे धर्मा सोनकर उम्र 36 वर्ष एवं अंकित खटीक की मौके पर मौत हो गई है वही प्रतीक्षा सोनकर, मूलचंद सोनकर, ईशा सोनकर, मिथलेश, रणवीर को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती करवाया गया जहां उनका उपचार जारी है। बताया गया है कि दोनों सगे दोस्त थे और एक साथ ईट भट्टा का काम करते थे, ट्रैक्टर किराए पर लेकर काम करने गए थे, पहली बारिश होने के बाद एट भट्ट का काम बंद होने पर अपने ग्रह ग्राम बिलहरी लौट रहे थे।

## 7 पेटी अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर।



सिविल लाइन थाना अंतर्गत पन्ना रोड पर परिहार क्रेशर के पास एक व्यक्ति से 7 पेटी अवैध शराब जब्त कर उस पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकी चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि परिहार क्रेशर के बगल में आदतन अपराधी सौरभ नायक पिता जगदीश नायक दो बोरियों में 350 क्वार्टर लगभग 7 पेटी अवैध शराब दो बोरियों में ले जायी जा रही है। मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ घेराबंदी करते हुए आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब सहित एक मोटर साईकिल जब्त की गई है। आरोपी पर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। वहीं उक्त आरोपी आदतन अपराधी है जिस पर ड्रग्स बेचने सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं।

## यातायात पुलिस ने ओवर हाइट बस सहित 15 अतिरिक्त सवारी वाले व्यावसायिक वाहनों पर की कार्यवाही



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने सभी थाना प्रभारी को सड़क दुर्घटनाओं में कमी हेतु दुर्घटना को अंजाम देने वाले प्रतिबंधित सवारी वाले भार वाहक एवं ट्रैक्टर के साथ-साथ अतिरिक्त सवारी वाले ऑटो, रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

इसी क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही जारी है। थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत के नेतृत्व में थाना यातायात पुलिस द्वारा स्टंट बाज, नशा कर वाहन चलाने वालों, इसके साथ ही प्रतिबंधित सवारी वाले लोडर एवं ट्रैक्टर ट्रॉली तथा अतिरिक्त सवारी वाले ऑटो, रिक्शा वाहनों पर भी कार्यवाही की जा रही है। बस स्टैंड के पास में पेट्रोल पंप किराए पर एक बस जिसमें बॉडी के ऊपर सामान लोड किया जा रहा था, सूचना प्राप्त होते ही बस का पता लगाकर चालानी कार्यवाही की गई। 24 घंटे के अंदर यातायात पुलिस ने ओवर हाइट बस सहित 15 ऑटो चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 7600 रुपये समन शुल्क शासकीय कोष में जमा किए गए।

# मप्र में परिवहन चेक पोस्ट बैरियर समाप्त होः अमित द्विवेदी




**रीवा** । रीवा जिला के चाकघाट वार्डर में खुले आम परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी के गुर्गो के द्वारा खुले आम ट्रक ड्राइबरों से अवैध इन्ट्री वसूली की जाती है ड्राइबरों के मना करने पर उनके साथ मारपीट आम बात हो चुकी है वावजूद इसके परिवहन के आला अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे ट्रक ड्राइबरो एवं मोटर मालिकों में आक्रोष की ज्वाला भड़क उठी है उक्त आशय के आरोप रीवा ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसेसियेशन जिला रीवा (म.प्र.) के अध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी ने लगाये हैं। श्री द्विवेदी जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मोटर मालिकों का एक प्रतिनिधि मण्डल दिनांक 15 जून को सायंकाल 4 बजे के करीब चाकघाट परिवहन कार्यालय में पहुंचकर देखा कि ट्रक ड्राइबर परिवहन अधिकारी के गुर्गो से अपनी गाड़ी को छोड़ने के लिए आरजू मिन्नते कर रहे हैं लेकिन बिना पैसा लिये श्री त्रिपाठी की गुर्गे गाड़ी नहीं छोड़ते हैं। श्री द्विवेदी ने बताया कि चाकघाट परिवहन चेकपोस्ट में आर.वी.सिंह ए.आर.टी.ओ.पदस्थ है जो जबलपुर के निवासी है कभी भी परिवहन चेकपोस्ट में नहीं बैठते है उनकी खाना पूर्ति उनके भतीजा मन्टू सिंह करते है दिनांक 15 जून को मन्टू सिंह उपस्थित होकर इन्ट्री बसूली करते देखे गये। श्री द्विवेदी ने आरोप लगाते हुये कहा कि चाकघाट परिवहन चेकपोस्ट के ए.आर.टी.ओ.आर.वी.सिंह रीवा में माह में एक बार आते हैं और सार्कइन में रुककर वूसली का पैसा लेकर चले जाते हैं जिसमें परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी का भरपूर सहयोग रहता है। उन्होने कहा कि ट्रक ड्राइबरो ने प्रतिनिधि मण्डल को बताया कि गाड़ी के समस्त कागजात सही होने के बावजूद भी परिवहन चेकपोस्ट पर 5 हजार से लेकर 10 हजार रुपये तक प्रति माह इन्ट्री के तौर पर गुण्डा टैक्स बसूला जाता है चेक पोस्ट पर उपस्थित गुर्गो ने दवी जुबान बताया कि इन्ट्री का पैसा रीवा से लेकर भोपाल बड़े अधिकारियों के साथ ही मंत्रियों तक जाता है। यूनियन के अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने प्रदेश सरकार से मांग किया है कि जिस तरह से अन्य राज्यो में परिवहन चेकपोस्ट वार्डर समाप्त हो चुके है उसी तरह से मध्य प्रदेश में परिवहन चेकपोस्ट का वार्डर समाप्त किया जाय ताकि इन्ट्री बसूली बंद हो मोटर मालिकों एवं ट्रक ड्राइबरों को इंट्री से राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### विश्व योग दिवस के लिए की जा रही तैयारियाँ



**रीवा।** विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। योग से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विश्व योग दिवस के लिए आयुष विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। विश्व योग दिवस के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शारदा मिश्रा ने बताया कि योग दिवस के लिए जिले भर के आयुष केन्द्रों में नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है। सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों में प्रतिदिन प्रातः काल योगाभ्यास कराया जा रहा है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर तमरादेश, दुआरी तथा सूरा में आज योगाभ्यास कराया गया। इसी तरह हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर अमिलिया, कटरा, पनवार, मनिकवार में भी योगाभ्यास का कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। इनमें सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग मुद्राओं तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। विश्व योग दिवस पर बड़ी संख्या में लोग भागीदारी करके योगाभ्यास करेंगे।

### शहरी टास्क कमेटी की बैठक जिला अस्पताल बिछिया में नगर निगम कमिश्नर अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



**रीवा।** शहरी टास्क कमेटी की बैठक दिनांक 19/06/2024 को जिला अस्पताल बिछिया में नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ0 संजीव शुक्ला, टीकाकरण अधिकारी डॉ0 बसंत अग्निहोत्री, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 केवी गौतम, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, एनजीओ एवं जन अभियान परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। रीवा शहरी क्षेत्रों के 45 वार्डो में 23 जून से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पांच साल तक के 28000 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। पल्स पोलियो अभियान का समारोहपूर्वक शुभारंभ शहरी क्षेत्र से किया जाएगा। आगामी 23, 24 एवं 25 जून 2024 को पल्स पोलियो अभियान में पोलियो की बूद से कोई भी 5 वर्ष से कम का बच्चा छूटने न पाये इस संकल्प के साथ सभी विभागों के समन्वय से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस हेतु ऑगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से कार्य करेगी, 212 ऑगनबाडी केन्द्रों एवं शहर के विभिन्न स्थानो जिनमें शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी क्लीनिक, सिरमौर चौराहा, अस्पताल चौराहा, आरटीओ ऑफिस के पास, धोबिया टंकी, रेल्वे स्टेशन के पास एवं घर घर जाकर पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया जावेगा। निगमायुक्त द्वारा अनुरोध किया गया कि पल्स पोलियो अभियान में आमजन अवश्य सहभागी बने हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि 5 वर्ष से कम का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न हो सभी बच्चो को पोलियो की दवा अवश्य पिलायें। बच्चों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करेंगे।

## राहत तथा बचाव संबंधी समस्त तैयारियां 25 जून तक कर लें: कमिश्नर

### कमिश्नर रीवा श्री डाड ने गूगल मीट से की आपदा प्रबंधन की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में गूगल मीट से रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें। कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र चिन्हांकित हैं। अप स्ट्रीम में मैहर तथा शहडोल जिलों में बांध के जल भराव क्षेत्र में अस्थायी बस्ती बनाकर खेती की जाती है। इन क्षेत्रों से 25 जून तक सभी बस्तियां हटा दें। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव बाढ़ संभावित हैं। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें। बैठक में आईजी रीवा रेंज एमएस सिकरवार ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गईं तो कोई परेशानी नहीं होगी। जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी तत्परता से बाढ़ संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। समन्वय के साथ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कार्य योजना बनाएं। आपदा प्रबंधन के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों के कुछ आम नागरिकों के भी मोबाइल नम्बर शामिल करें जिससे समय पर गांव में सूचना दी जा सके। सभी कंट्रोल रूम एक दूसरे की सूचनाएं साझा करें। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल जिले में बाढ़ से निपटने के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले जिले के सभी गांवों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। जिला और तहसील स्तर पर 20 जून से कंट्रोल रूम शुरू हो जाएंगे। बाढ़ प्रभावित गांवों में मंदिर, पक्के मकानों तथा बिजली के खंबों में निर्धारित ऊंचाई पर लाल निशान लगाते हुए ग्रामवासियों को इस बात के लिए आगाह करें कि निशान तक पानी आने पर वह गांव छोड़ दें। बैठक में मुख्य अभियंता गंगा कछार अशोक डेहरिया ने बाणसागर बांध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बांध के जल भराव क्षेत्र में 79 गांव आंशिक रूप से डूब में आते हैं। इन गांवों में ही बाढ़ की समस्या होती है। बांध के पूरे क्षेत्र को 6 जोन में बांट कर जोनल अधिकारी तैनात कर दिये गये हैं। कटनी जिले के 27 गांव तथा उमरिया जिले के 18 गांव बांध के बैक वाटर से प्रभावित होते हैं। बैठक में लोक निर्माण विभाग को अति वर्षा की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुल-पुलियों में संकेतक तथा बैरियर लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, अपर कमिश्नर अरूण परमार, तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्चुअल माध्यम से कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला तथा मैहर, उमरिया, शहडोल, कटनी एवं सीधी जिलों के पुलिस, राजस्व एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## अंडे के ठेलों पर भांजी लाठियां, पुलिस पर लगे मारपीट के आरोप

### मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग




**रीवा।** शहर में शहर की बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मणपुर में सड़क के किनारे अंडे का ठेला लगाने वालों पर पुलिस द्वारा लाठी भाजने का आरोप लगा है पुलिस द्वारा की गई मारपीट में अंडे का ठेला लगाने वाले सहित मौजूद दो से तीन लोगों को चोट आई है जिसकी शिकायत लेकर पीड़ित बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पुलिस पर ना सिर्फ बेवजह मारपीट करने का आरोप लगाया बल्कि इलाके में शराब की अवैध बिक्री करने का भी आरोप लगाया है। बताया गया की इलाके में शराब की कोई भी दुकान न होने के बावजूद बिछिया दुकान से पैकारी पहुंचाकर खुलेआम बिक्री कराई जा रही है। लेकिन पुलिस पैकारो और शराब बेचने वालो को छोड़कर ठेला लगाकर रोजी रोटी चलाने वालो पर लाठिया भांज रही है। बीती रात बिछिया थाना की पुलिस क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सड़क के किनारे अंडे का ठेला लगाने वालों के साथ ना सिर्फ मारपीट की बल्कि उनके ठेलो को भी पलटा दिया।ग्रामीणों की माने तो पुलिस द्वारा की गई मारपीट में अमृतलाल साकेत, राम सजीवन साकेत सहित तीन लोगों को चोट आई है।खौर गांव में रहने वाले मोहम्मद मुस्ताक के साथ भी पुलिस द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस न लेने पर मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। उक्त सभी पीड़ित बुधवार को सुबह मामले की शिकायत लेकर बिछिया थाना पहुंचे जहां कार्यवाही की बजाय जांच का आश्वासन मिलने के बाद वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत की है ।

#### इनका कहना है

ग्रामीणों की शिकायत पर मामले की जांच नगर पुलिस अधीक्षक को सौंपी है जांच में सिद्ध पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**अनिल सोनकर एडिशनल एसपी रीवा**

## बाढ़ से जुड़ी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान करेंः कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में बाढ़ नियंत्रण के लिए अन्तर्राज्यीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में रीवा के अलावा सोनभद्र, प्रयागराज तथा मिर्जापुर के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने कहा कि रीवा जिले के त्योंथर क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों में बाढ़ का प्रकोप होता है। रीवा में बीहर, बिछिया और टमस नदी तथा मिर्जापुर उत्तरप्रदेश की बेलन नदी के जलग्रहण क्षेत्र में एक साथ लगातार भारी वर्षा से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। इससे निपटने के लिए मिर्जापुर के अधिकारी सिरसी, मेजा तथा अदवा बांधों के जल भराव के प्लान की जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके प्रस्तावित आपरेशनल मैन्युअल में आवश्यक संशोधन करें। बांधों को माह तक उसे तीन से चार मीटर खाली रखें जिससे अचानक पानी की आवक बढ़ने पर उसमें नियंत्रण किया जा सके। बाढ़ संबंधी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान करें। रीवा और मिर्जापुर के अधिकारी समन्वय से बाढ़ नियंत्रण के प्रयास करें। जब बेलन नदी में पानी की आवक अधिक होगी तो बकिया बराज से पानी नहीं छोड़ा जाएगा। इसी तरह यदि टमस नदी के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार बारिश होने के समय बेलन नदी में बांधों से पानी न छोड़ें। कमिश्नर ने कहा कि रीवा में बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी कंट्रोल रूम 20 जून से शुरू हो जाएंगे।

बैठक में मिर्जापुर के कमिश्नर ने कहा कि रीवा के अधिकारियों को बाढ़ से जुड़ी सभी सूचनाएं समय पर दी जाएंगी। बांधों के आपरेशनल मैन्युअल उपलब्ध करा दिए जाएंगे। बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों के मोबाइल नम्बरों का आदान-प्रदान कर व्हाट्सएप ग्रुप बना लें। इसमें सभी अधिकारी महत्वपूर्ण सूचनाएं दर्ज करेंगे। मिर्जापुर में 6 वर्षामापी केन्द्र बनाए गए हैं। इनसे नियमित रूप से वर्षा की जानकारी दी जाएगी। बैठक में रीवा के आईजी एमएस सिकरवार ने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए तैराक दल, नाव तथा अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों के थाना प्रभारी तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी समन्वय बैठक कर के एक-दूसरे से जानकारियाँ साझा करें। बैठक में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अशोक डेहरिया ने बताया कि सिरसी, मेजा तथा अदवा बांधों से बेलन नदी में 80 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ने पर त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप होता है। इन बांधों को अगस्त माह के अंत में अधिकतम भरें। इन्हें एक-दो मीटर तक खाली रखकर भारी वर्षा में अधिक जल आवक का प्रबंधन किया जा सकता है। बांधों से पानी छोड़ने के कम से कम 6 घंटे पहले सूचना दे दी जाए। बैठक में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर प्रतिभा पाल, अपर कमिश्नर अरूण परमार तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। वर्चुअल माध्यम से बैठक में सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

## चुनावी रंजिश में बुजुर्ग पर तलवार से हमला




रीवा। जिले के अतरैला थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चुनाव की रंजिश में एक बुजुर्ग पर तलवार से किया गया है, हामले में घायल बुजुर्ग ने हमलावरों पर एक लाख रूपयो की लूट करने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि चुनावी रंजिश के चलते ग्राम पंचायत के सरपंच पति के द्वारा उन पर जानलेवा हमला कराया गया है। घटना पुरैना दाढ़ी गांव की है। घटना के संबंध में ग्राम दाढ़ी निवासी पीड़ित बुजुर्ग कमलेश प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में हुए पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते स्थानीय पंचायत के सरपंच पति के द्वारा उनके ऊपर जानलेवा हमला कराया गया है। पीड़ित के मुताबिक हमलावरों ने उनके ऊपर लाठी डंडे और तलवार से हमला किया जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटे आई है । पीड़ित का आरोप है की मारपीट के दौरान हमलावरों ने एक दिन पूर्व बेचे गए ट्रैक्टर का 1 लाख रुपया भी छीन लिया है। फिलहाल पीड़ित ने इस मामले की शिकायत अतरैला थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस द्वारा मेडिकल कराने के बाद उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा है वही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## स्कूलों के नहीं खुले ताले तो स्कूलों में नहीं बना मध्यान भोजन



**मऊगंज।** प्रदेश भर में प्रवेशोउत्सव कार्यक्रम स्कूलों में आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 18 जून से 20 जून तक मनाने की घोषणा की गई थी,और खुद मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा स्कूल में प्रवेशोउत्सव मनाया गया एवं जिले के कलेक्टर द्वारा शहर के स्कूलों में प्रवेशोउत्सव मनाया गया, और छात्रों को तिलक लगाए गए एवं पुस्तके वितरित की गई। किंतु मऊगंज जिले के अधिकतर विद्यालयों में ताले ही नहीं खुले केवल हायर सेकेंडरी स्कूलों में 2-4 टीचरों की उपस्थिति देखी गई। संकुल के अंतर्गत प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में ताले नहीं खुले। साथ में ही विद्यालयों में विशेष भोजन की व्यवस्था होना तो दूर मध्यान भोजन बनाने के लिए विद्यालय के रसोई में चूल्हे तक नहीं जले। जिससे जिलाशिक्षा अधिकारी,जिला प्रशासन की व्यवस्था पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। इसी तरह संकुल के प्राचार्य द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेशोउत्सव ना मनाए जाने की अनदेखी की गई है। लेकिन मऊगंज के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में वही पुराना ढर्रा आज भी कायम है। और विद्यालयों में ताले बंद है। जिला प्रशासन का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।

## सिविल अस्पताल मऊगंज के बीएमओ ने चिकित्सक के खिलाफ शिकायत की




### कलेक्टर सहित जिम्मेदार अधिकारी को भेजी शिकायत

**मऊगंज।** सिविल अस्पताल में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक रेखा सिंघल के ऊपर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एस0 डी0 कोल ने गंभीर आरोप लगाकर शिकायत पत्र के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा कलेक्टर रीवा/ मऊगंज को अवगत कराया है मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ने शिकायत पत्र में लेख किया है कि चिकित्सक रेखा सिंघल द्वारा बिना सूचना एवं बिना अनुमति के मुख्यालय से अनुपस्थित रहती हैं,साथ ही यह शासकीय ओपीडी कमरे में ताला बंद करके शाम को रीवा चली जाती हैं। जो डी0एन0सी0 केस आते हैं वह अपने शासकीय आवास में करती हैं, संस्था में नहीं करती ना ही इसकी रिपोर्टिंग की जाती है।ए0 एन0 सी0 ओपीडी में उनके द्वारा ताला बंद करने के कारण अन्य चिकित्सकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दिनांक 14- 6- 2024 को 376 का केस मेडिकल करवाने हेतु पुलिस द्वारा लाया गया था चिकित्सक रेखा सिंघल रात्रिकालीन मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण संबंधित का मेडिकल नहीं हो पाया जिससे पुलिस अधीक्षक मऊगंज द्वारा काफी नाराजगी व्यक्ति की गई।जबकि शासन के अनुसार 376 के केस का मेडिकल परीक्षण महिला चिकित्सक द्वारा किया जाता है। एंव यदि किसी काम के लिए बोला जाता है तो अनावश्यक बाद विवाद चिकित्सक द्वारा किया जाता है।

## विधायक द्वारा नव प्रवेशी छात्राओं को चंदन लगाकर किया स्वागत



**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना में स्कूल चले अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नव प्रवेशी छात्राओं का चंदन लगाकर स्वागत किया गया वही कार्यक्रम के पहले बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक प्रदीप पटेल द्वारा शासन के द्वारा चलाई जा रही स्कूलों की योजनाओं के बारे में बताया गया है जहां बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए कहा कि मन लगाकर अपना लक्ष्य लेकर पढ़ने से सफलता जरूर मिलती है 19 जून को स्कूल चले अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान जहां आपको बता दे कार्यक्रम के दौरान हनुमान एसडीएम राजेश मेहता तहसीलदार पानिका सहित नायब तहसीलदार,बीआरसीसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित कन्या स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य ,महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहे जहां पर काफी संख्या में विद्यालय के शिक्षक गण के साथ छात्राएं एवं अभिभावक की उपस्थिती रही।

## भगवान विष्णु वराह मंदिर से संबंधित होंगे प्रश्न

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर प्रारंभ की गई ''कटनी को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता'' के तहत मंगलवार 18 जून को कारीतलाई के राष्ट्रीय स्मारक व ऐतिहासिक तौर पर प्रसिद्ध स्थल भगवान विष्णु वराह मंदिर से संबंधित सवाल पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 18 जून मंगलवार की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में उपलब्ध लिंक जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है। क्विज़ के सवालों को भी 18 जून को रात 12 बजे तक ज़िला प्रशासन की वेबसाइट देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे।

## हनुमना बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान बस एवं बिना परमिट टैक्सी पर की गई कार्रवाई



**मऊगंज।** जिले के हनुमना बार्डर में यातायात प्रभारी सूबेदार अमित विश्वकर्मा बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एक्शन मोड में दिखे और बस एवं टैक्सियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध टैक्सियों को जब्त कर हनुमना थाने को सुपुर्द किया है। और नियम के विरुद्ध चल रहे अवैध टैक्सियों को भी हिदायत दी। उच्च न्यायालय ने बिना परमिट के अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध जब्ती और अन्य कार्रवाई के लिए निर्देश दिये है कि बिना परमिट के अवैध ऑटो रिक्शा,टैक्सी,बस संचालन करते पाये जाने पर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की जाएँ,और प्रकरणों को न्यायालय के समक्ष निराकरण के लिए प्रस्तुत किया जाएं। इसके बावजूद हनुमना में दलाल हावी है और धड़ल्ले से अवैध टैक्सियां बिना परमिट के हनुमाना से मिर्जापुर चल रही थी जिसकी सूचना मिलने पर यातायात प्रभारी बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एक बस एवं 02 टैक्सी मैक्स क्रमांक MP 17 A5333 व UP 63 L 5855 पर बिना परमिट के चल रही टैक्सी के ऊपर कार्यवाही कर हनुमाना थाने को सुपुर्द किया। इस करवाही में मुख्य रूप से यातायात प्रभारी सूबेदार अमित विश्वकर्मा व हमराह आर. 765, 32, 188, 1189 वाहन चेकिंग हनुमना बार्डर के दौरान टैक्सी मैक्स क्रमांक MP 17 A 5333 व UP 63L5855 बिना परमिट के सवारी परिवहन करते पाये जाने पर उक्त दोनो वाहनों को मौके पर जप्ती व पंचनामा कार्यवाही कर थाना हनुमना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया ।